आकाशवाणी श्री विजयपुरम

30.09.2026 समय : 1905

1. हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आज आकाशवाणी और दूरदर्शन श्री विजयपुरम में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
2. विश्व अनुवाद दिवस पर जे एन आर एम कॉलेज में भाषाई और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अनुवाद की भूमिका पर विचार–विमर्श हुआ।
3. महात्मा गांधी की एक सौ सत्तावनवीं जयंती के अवसर पर प्रशासन ने सभी से विषेश स्वच्छता अभियान चलाने की अपील की।
4. पोषण माह के तहत 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' विषय पर ग्राम पंचायत डिगलीपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आज आकाशवाणी और दूरदर्शन श्री विजयपुरम में एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने हिंदी गीतों की प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर उपमहानिदेशक सी. सुब्बा राव तथा सहायक निदेशक दीपक चंद्र तिवारी सहित आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायकगण के रूप में सहायक निदेशक (कार्यक्रम) सनम, डॉ. नवाज और राजेश कुमार निराश उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा उपमहानिदेशक सी. सुब्बा राव ने की। एकल गायन प्रतियोगिता में अरशुल रहमान ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। हिंदी पखवाड़ा–2026 के अंतर्गत आकाशवाणी और दूरदर्शन श्री विजयपुरम में राजभाषा हिंदी के प्रचार–प्रसार और प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर श्री राजेश कुमार निराश ने कार्यक्रम को काफी उत्साहपूर्ण और मनोरंजक बताया।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के तमिल विभाग की ओर से आज व्याख्यान कक्ष में विश्व अनुवाद दिवस 2026 मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. आर. पी. पलानीसामी ने स्वागत भाषण में भाषाई और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में अनुवाद की भूमिका पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तमिल भाषा के सहायक प्राध्यापक डॉ. तमिल भरतन टी. के. द्वारा लिखित ई–पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने भारतीय साहित्यिक परंपराओं और वैश्विक बौद्धिक संवाद के बीच अनुवाद को सेतु बताते हुए भारतीय भाषाओं के प्रोत्साहन के लिए केंद्र सरकार की पहलों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में तमिल–हिंदी अनुवाद, भाषाई प्रामाणिकता तथा तेलुगु अनुवाद और भारतीय भाषाओं के बीच भाषाई संबंधों पर वक्ताओं ने विचार रखे।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग की ओर से स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत विकसित भारत पहल के तहत आज व्याख्यान कक्ष में कागज का उपयोग कम करने और डिजिटल दस्तावेजीकरण को बढ़ावा देने विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने डिजिटल दस्तावेजीकरण अपनाने और अनावश्यक कागज का इस्तेमाल कम करने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी की एक सौ सत्तावनवीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को देशभर के साथ श्री विजयपुरम में भी गांधी जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दिन उपराज्यपाल गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी सरकारी विभागों, संस्थानों, स्वायत्त निकायों, निगमों, पंचायत प्रधानों, स्वैच्छिक संगठनों और ग्रामीणों से 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत श्रमदान के माध्यम से सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण तथा विशेष स्वच्छता

अभियान चलाने की अपील की है। प्रशासन ने नागरिकों से दो अक्टूबर पर पशु वध, पक्षियों की हत्या, मछली पकड़ने और शराब के सेवन ना करने की भी अपील की है। दो अक्टूबर को ड्राई डे घोषित किया गया है।

<><><><><><><>

पोषण माह के तहत 'हमारी आंगनवाड़ी, हमारी जिम्मेदारी' विषय पर ग्राम पंचायत डिगलीपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आई सी डी एस परियोजना (ग्रामीण), डिगलीपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, दीनदयाल अंत्योदय योजना –NRLM एवं पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संतुलित पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल देखभाल तथा आंगनवाड़ी सेवाओं के महत्व पर जागरूक किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयं सहायता समूहों, लाभार्थियों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

<><><><><><><>

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाराचरमा में दो दिवसीय तंत्रिका रोग विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आज सम्पन्न हो गया। शिविर में सेवानिवृत्त सर्जन लेफ्टिनेंट कमांडर डॉ. भारत राजकुमार, ने मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाराचर्मा की टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लोगों को उनके समुदाय के निकट विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में 40 से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में कल पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुभाषग्राम में उत्तर एवं मध्य अंडमान चेस एसोसिएशन ने स्वच्छता अभियान आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों, स्थानीय समुदाय के सदस्यों और शतरंज प्रेमियों ने पहले स्वच्छता अभियान चलाया और इसके बाद शतरंज खेल में भी भाग लिया। सुभाषग्राम ग्राम पंचायत के प्रधान पी. आर. सिंगाराम ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें पदक प्रदान किए। कार्यक्रम में चलने से 'पहले सोचें और कूड़ा फैलाने से पहले भी सोचें' का संदेश दिया गया।

<><><><><><><>

वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर द्वीप जैव विविधता के लिए सूचना, जागरूकता, क्षमता निर्माण और आजीविका कार्यक्रम केंद्र और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, अंडमान एवं निकोबार क्षेत्रीय केंद्र की ओर से विभिन्न जागरूकता एवं रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वन्यजीव सप्ताह का आयोजन 2 से 8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता में स्कूली एवं कॉलेज विद्यार्थियों के साथ प्रकृति प्रेमियों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता की थीम 'आवासों का जुड़ाव, वन्यजीवों का संरक्षण' रखा गई है। प्रतियोगिता 2 अक्टूबर सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक आयोजित होगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ एवं डीब्रेट कर्मचारी संघ और एन्कोफेड ने सेवानिवृत्त, निदेशक एरलांडी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वे बानबे वर्ष के थे।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग के अनुसार आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक श्री विजयपुरम और दक्षिण अंडमान के कुछ क्षेत्रों पर बिजली बाधित रहेगी। इस दौरान विद्युत लाइनों का कार्य किया जाएगा जिसके चलते वैकल्पिक लाइनों से बिजली आपूर्ति बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। वहीं तीन अक्टूबर को सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे तक कालीकट से बर्ड लाइन जंक्शन, मक्का पहाड़, न्यू बिम्बलीटान और टेलराबाद क्षेत्रों में नियमित रखरखाव के कारण बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रहेगी।

<><><><><><><>